Press note

Food Safety and Standards (Alcoholic Beverages) Regulations, 2018

Number of Alcoholic Beverages is being manufactured in India or imported from the various countries since a long time. As per the FSS Act Alcoholic Beverages is also come under the definition of food and FSSAI has mandate for providing safe and wholesome food to public, therefore FSSAI framed the standards for Alcoholic Beverages and notified the same to ensure the safety of Alcoholic Beverages.

The Food Safety and Standards (Food Products Standards and Food Additives) Regulations, 2011 has the standard for only one Alcoholic Beverages i.e. Toddy at clause (1) of the Sub-Regulation 2.10.5 related to Beverages – ALCOHOLIC. Due to presence of various Alcoholic Beverages and their different requirements with respect to their standards and labelling the seprate regulation for Alcoholic Beverages was proposes and notified.

This regulations i.e. Food Safety and Standards (Alcoholic Beverages Standards) Regulation, 2018, are the regulations specifying the standards for Alcoholic beverages namely Distilled Alcoholic Beverage (Brandy, Country Liquer, Gin, Rum, Vodka and Whisky, Liquer or Alcoholic cordial), Wines and, Beer. It also specifies the specific requirement for labelling of Alcoholic Beverages in addition to the labelling requirements of Food Safety and Standards (Packaging and Labelling) Regulations, 2011. The specific labelling requirements are declaration of alcohol content, labeling of standard drink, not to contain any nutritional information, no health claim, restriction on words 'non-intoxicating' or words implying similar meaning on label of beverage containing more than 0.5 per cent alcohol by volume, Labelling of wine, Allergen warning, statutory warning etc.

These regulation came into force from the date of their publication in Gazette, however the enforcement against these standards will starts from 1st April 2019.

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III —खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 110] नई दिल्ली, बुधवार, मार्च 21, 2018/फाल्गुन 30, 1939
No. 110] NEW DELHI, WEDNESDAY, MARCH 21, 2018/PHALGUNA 30, 1939

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(भारतीय खाद्य संरक्षा और मान प्राधिकरण)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 19 मार्च, 2018

एफ. सं. 2/एसए-24/2009(1)/एफएसएसएआई—खाद्य संरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 (2006 का 34) की धारा 92 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार प्रारुप खाद्य संरक्षा और मानक (अल्कोहॉलिक पेय मानक) विनियम, 2016 भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की अधिसूचना फा.सं.-2/एसए-24/2009(1)/एफएसएसएआई दिनांक 5 सितम्बर,

2016 द्वारा भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग- 3, खण्ड-4 में प्रकाशित किया गया था, जिससे उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना वाले राजपत्र की प्रतिया जनता को उपलब्ध करवा दी जाती है, तीस दिन की अवधि की समाप्ति से पहले इसके द्वारा प्रभावित होने वाले व्यक्तियों से आक्षेप और सुझाव और सुझाव आमंत्रित किये गये थे।

और 9 सितम्बर, 2016 को उक्त राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करवा दीगईं थी;

और जबकि उक्त प्रारुप विनियमों पर प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के द्वारा विचार कर लिया गया है।

अतः अब, भारतीय खाद्य संरक्षा एंव मानक प्राधिकरण, उक्त अधिनियम की 92 की उप-धारा (2) के खंड (v) के अधीन अपनी शक्तियों के प्रयोग से निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात:-

भाग- 1

प्रारंभिक

1.1 संक्षिप्त नाम, लागू होना और प्रारंभ

(1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम खाद्य संरक्षा और मानक (अल्कोहॉलिक पेय) विनियम, 2018 है।

(2) इन विनियमों में विनिर्दिष्ट मानक आसुत और अनासुत अल्कोहॉलिक पेय पदार्थों पर लागू होंगे।

(3) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे तथा खाद्य कारोबार प्रचालकों को 1 अप्रैल, 2019 से इन विनियमों के सभी प्रावधानों का अनुपालन करना होगा।

1.2 परिभाषाएँ -इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो:

1.2.1 "अधिनियम" से खाद्य संरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 (2006 का 34) अभिप्रेत है।

1.2.2 "अल्कोहल की मात्रा (एबीवी)" से कुल मात्रा के प्रतिशत के रूप में व्यक्त अल्कोहॉलिक पेय में अंतर्विष्ट इथाइल अल्कोहल (इथेनॉल) अभिप्रेतहै।

1.2.3 " अल्कोहॉलिक पेय " से ऐसा ऐसे पेय याशराब या किण्वन अभिप्रेत है, जिसमें 0.5 प्रतिशत से अधिक अल्कोहल हो। अल्कोहॉलिक पेय पदार्थों के उत्पादन में प्रयुक्त एथिल अल्कोहल कृषि मूल का होगा ।

1.2.4 "अल्कोहल प्रूफ" से अल्कोहल पेय पदार्थ में इथेनॉल सामग्री की 1.75131 मात्रा अभिप्रेत है;

1.2.5. आसुत अल्कोहॉलिक पेय" से ऐसा आसुत पेय, स्पिरिट, या शराब अभिप्रेत है जिसमें इथेनॉल अंतरविष्ट हो, जो अनाज, फल, सब्जियों, गुड़ या कार्बोहाइड्रेट के कृषि मूल के किसी अन्य स्रोत के किण्वन द्वारा उत्पादित इथेनॉल के आसवन द्वारा बनाया जाता है।

1.2.6 इथाइल अल्कोहल या इथेनॉल" से एक पारदर्शी, रंगहीन, ज्वलनशील, वाष्पशील तरल अभिप्रेत है जो पानी, ईथर या क्लोरोफॉर्म के साथ विलेयशील है और खमीर के साथ कार्बोहाइड्रेट के किण्वन द्वारा प्राप्त किया जाता है। यह अल्कोहल पेय पदार्थों के प्रमुख घटक है और पीने योग्य है। इथाइल अल्कोहल का रासायनिक सूत्र C_2H_5OH होता है, जिसका स्वाद जलनीय होता है और सेवन से नशा होता है।

1.2.7 "होप्स" से मादा फूल या बीज शंकु या हॉप प्लांट (Humuluslupulus) के स्ट्रोबिल्स, या इसके उत्पादों अभिप्रेत है जिसका प्रयोग कड़वे स्वाद या बियर में स्वाद के लिए होता है।

1.2.8 "मिथाइल अल्कोहल या मेथनॉल" से एक स्पष्ट, रंगहीन, ज्वलनशील तरल अभिप्रेत है, जिसका रासायनिक सूत्र, CH_3OH है, जिसके विशिष्ट सीमा से ऊपर सेवन से अंधापन या मुत्यु हो सकती है।

1.2.9 निष्क्रिय स्पिरिट या निष्क्रिय अल्कोहल" या निष्क्रिय अनाज स्पिरिट या शुद्ध अनाज अल्कोहल या अतिरिक्त निष्क्रिय अल्कोहल से आसवित और संशोधित उत्पाद अभिप्रेत है जो कि न्यनतम 96 प्रतिशत अल्कोहल की मागा है, जिसे या तो चुकंदर, गुड़, आलू, अनाज, अंगूर मस्ट,, अंगूर या अन्य फल जैसे कृषि उत्पादों के अल्कोहलिक किण्वन से, या कार्बोहाइडेट के कृषि मूल के किसी अन्य स्त्रोत द्वारा बनाया जाता है।

1.2.10 "पॉट स्टिल या कालम आशुत स्पिरिट" से ऐसी शराब अभिप्रेत है जिसकी आसवन या तो पॉट स्टिल में बैच में किया गया होया किसी निरंतर कालम में की गई हो।

1.2.11 "मनः प्रभावी पदार्थ" से ऐसा पदार्थ अभिप्रेत है जो कि स्वापक औषधी और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (1985 का 61) की अनुसूची में और उसके अधीन बनाए गए नियमो में परिभाषित है और औषधि और प्रसाधन नियम, 1945 की अनुसूची ड और ड1में सूचीबद्ध है;

1.2.12 "संशोधित स्पिरिट" से 95 न्यूनतम प्रतिशत अल्कोहल की मात्राकी शक्ति प्राप्त करने के लिए आसवन द्वारा शुद्ध की गई स्पिरिट से अभिप्रेत है।

1.2.13 "मानक" खाद्य संरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 में यथा परिभाषित मानक अभिप्रेत है।

1.2.14 "सारिणी" से इन विनियमों से संलग्न सारिणी से अभिप्रेत है;

1.2.15 "गैर-आसुत एल्कोहलिक पेयों या किण्वित पेय" से किण्वन की प्रक्रिया के द्वारा प्राप्त शराब अभिप्रेत है जिसमें बियर, शराब, सेब की शराब, या इसी प्रकार के अन्य शराब सम्मिलित है;

1.2.16 खमीर" से किण्वन के लिए जिम्मेदार एक कोशिकीय कवक अभिप्रेत है जो अल्कोहल और कार्बन डाइऑक्साइड का उत्पादन करने के लिए किण्वन योग्य शर्करा का चयापचय करता है।

1.3 साधारण अपेक्षाए:

1.3.1 अल्कोहल पेय स्वापक औषधी और मनः प्रभावी पदार्थ या स्वाभाविक रूप से होने वाली कैफीन को छोड़कर कैफिनसहित क्लोराल हाइड्रेट, अमोनियम क्लोराइड, पैराल्डहाइड, पेराइडिन, डायजेपाम से मुक्त होगा।

1.3.2 एथिल अल्कोहल सामग्री के लिए सहिष्णुता की सीमा 20 प्रतिशत तक के लिए ± 0.3 प्रतिशत (वाइन के मामले में ± 0.5) और घोषित शक्ति के 20 प्रतिशत से अधिक के लिए ± 1.0 प्रतिशत होगी।

1.3.3 एल्कोहलिक पेय की मात्रा को पूर्णांकित करने के लिए चीनी मिलाई जा सकती है।

1.3.4 बोतल को मजबूत बनाने की प्रक्रिया में उपयोग किये जाने वाले पानी को समय समय पर संसोधित भारतीय पेय जल मानक आईएस: 10500 पर खरा उतरना चाहिए।

1.3.5 एल्कोहलिक पेय पदार्थों में खाद्य संरक्षा औरमानक (खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य सहयोज्य) विनियम, 2011 के अधीनअनुमत सहयोज्यों, एन्जाईमों, और प्रसंस्करण सहायकों का उपयोग किया जा सकता है।

1.3.6 कोई भी एल्कोहलिक पेय जिस पर "परिपक्व" का लैबल लगा हो, को कम से कम एक वर्ष के लिए बलूत या अन्य उपयुक्त लकडी की टंकी में, लकडी के पीपे में, या लकडी के चिपों में रखा जाएगा।

1.3.7 जिस एल्कोहलिक पेय पर एज का दावा "एज्ड" शब्द के साथ किया गया हो तो उस एज्ड शब्द का अर्थ उस मिश्रण में सबसे नई स्प्रिट से होगा।

1.3.8 एल्कोहलिक पेयों की जांच के लिए समय समय पर संसोधित एफएसएसएआई के खाद्य एल्कोहलिक पेयों के परिक्षण प्रक्रिया पुस्तिका में निर्धारित प्रक्रियाओं से जांच की जाएगी।

1.3.9 एल्कोहलिक पेयों को खाद्य सुरक्षा औरमानक (पैकेजिंग औरलैबलिंग) विनियम, 2011 में उल्लेखित उपयुक्त डिब्बों में पैक किया जाएगा।

परन्तु, थोक डिब्बों में एल्कोहल की कोई उच्च सीमा निर्धारित नहीं होगी और यह उत्पाद मानकों के सुरक्षा मानदण्डों को पूरा करेगा।इस प्रकार के उत्पादों पर एक लैबल लगा होगा जिस पर "केवल एल्कोहलिक पेय पदार्थों के उत्पादन हेतु" लिखा होगा।

ऐसे एल्कोहलिक पेय जिन में 8.0 प्रतिशत से कम अल्कोहल की मात्रा है को निम्न एल्कोहलिक पेय कहा जाएगा तथा यह सारणी -1 में दिये गये मानकों को वाष्पीकरण पर अवशेष के अलावा को पूरा करेगा।

1.4 उन शब्दों और पदों के, जो इन विनियमों में प्रयुक्त है और किन्तु परिभाषित नहीं है, वाही अर्थ होंगे जो क्रमशः अधिनियम और उसके अधीन बनाये गए नियमो में उनके है।

भाग 2

आसुत अल्कोहॉलिक पेय

2.1 ब्रांडी

ब्रांडी एक अल्कोहॉलिक पेय है जिसे कि शराब के आसवन से बनाया जाता है। ब्रान्डी को ब्रान्डी के विशिष्ट स्वाद औरगंध के लिए एज्ड या परिपक्व किया जा सकता है। ब्रान्डी निम्न प्रकार की हो सकती है-

2.1.1.1 अंगूर की ब्रांडी: अंगूर की शराब, अंगूर के किण्वित रस से प्राप्त आसुत अल्कोहल है। आसवन एक उपयुक्त सीमा तक इस तरह किया जाएगा कि अंगूर से निकाली गई स्पिरिट में विशेष खुशबू और स्वाद बना रहे और किण्वन के दौरान मौजूद प्राकृतिक वाष्पशील विशिष्ट तत्व बने रहें।

अंगूर से भिन्न किसी अन्य फल से बनाई गई ब्रांडी कि दशामें, परिभाषा में फल का नाम 'ब्रांडी' शब्द से पहले लगाया जाएगा।

2.1.1.2. मिश्रित ब्रांडी: मिश्रित ब्रांडी, फलों की ब्रांडी या न्यूट्रल स्पिरिट या कृषि मूल से संशोधित स्पिरिट के साथ कम से कम 2 प्रतिशत शुद्ध अंगूर ब्रांडी का मिश्रण है। यदि सम्मिश्रण के लिए किसी अन्य फल की ब्रांडी का प्रयोग किया जाता है, तो अंगूर के नाम के स्थान परइस तरह के फल के नाम आएगा जो 'ब्रांडी' शब्द का उपसर्ग बन जाएगा। मिश्रित ब्रांडी में ब्रांडी की विशेष सुगंध और स्वाद रहेगी।

ब्रान्डी भाग-1 विर्निदिष्ट साधारण अपेक्षाओ और सारणी-1 में उल्लेखित आवश्यकताओं को पूरा करेगी।

2.2 देशी शराब :

देशी शराब या स्पिरिट्स कृषि मूल के किण्वित कार्बोहईड्रेट के आसुत से प्राप्त शराब होती है। यह निम्नलिखित प्रकार की हो सकेगी:

2.2.1 सादी देशी शराब: सादी देशी शराब अनाज, आलू, कसावा, फल, गुड़, खांड़, नारियल के रस या जूस, और खजूर के पेड़, महुआ फूल या किण्वन के योग्य कार्बोहाइड्रेट से प्राप्त आसुत अल्कोहल है।

2.2.2 मिश्रित देशी शराब: मिश्रित देशी शराब अल्कोहलिक आसुत, संशोधित स्पिरिट या न्यूट्रल स्पिरिट का एक मिश्रण है।

देशी शराब भाग-1 विर्निदिष्ट साधारण अपेक्षाओं और सारणी-1 में विर्निदिष्ट अपेक्षाओं अपेक्षाओ के अनुरूप होगी।

2.2.3 फैनी या फेनी: फैनी या फेनी काजू के रस या नारियल ताड़ी से बनी एक शराब है।

फैनी भाग-1 विर्निदिष्ट साधारण अपेक्षाओं और सारणी-1 में विर्निदिष्ट अपेक्षाओं अपेक्षाओं के अनुरूपहोगी ।

2.4 जिन:

जिन जुनिपर बेरीज और अन्य वनस्पति और गंध के वाष्पशील उत्पादों के स्वादयुक्त स्पिरिट से बना आसुत अल्कोहलिक पेय है। यह साफ होना चाहिए और पानी से पतला किए जाने पर किसी प्रकार का मटमैलापन नहीं होना चाहिए। जिन में इसके साथ जुडी हुई विशेष गंध और स्वाद होना चाहिए।

जिन भाग-1 विर्निदिष्ट साधारण अपेक्षाओं और सारणी-1 में उल्लेखित अपेक्षाओ के अनुरूपहोगी ।

2.5 रम:

रम गन्ने के किण्वित रस, गन्ने के गुड़, गन्ने के किसी भी अन्य उत्पाद से प्राप्त एक आसुत अल्कोहलिक पेय है और इसमें कैरमल से भिन्न अन्य कोई भी रंग सम्बन्धी पदार्थ अंतर्विष्ट नहीं होगा। इसे न्यूट्रल, संशोधित या कृषि मूल के आसुत स्पिरिट से भी तैयार किया जा सकता है। बिना रंग के रम को सफ़ेद रम के रूप में नामित किया जाएगा। रम उत्पाद से जुड़े हुए स्वाद एंव सुगंध की विशेषता रखेगा।

रम भाग-1 विर्निदिष्ट साधारण अपेक्षाओं और सारणी-1 में उल्लेखित अपेक्षाओं के अनुरूप होगी ।

2.6 वोदका:

वोदका किण्विन राई, आलू, कसावा, या किसी अन्य कृषि मूल से प्राप्त कार्बोहाइट्रेट से प्राप्त न्यूट्रल स्पिरिट से बना आसुत अल्कोहलिक पेय है।

वोदका भाग-1 विर्निदिष्ट साधारण अपेक्षाओ और सारणी-1 में उल्लेखित सामान्य अपेक्षाओ के अनुरूप होगी ।

2.7 मदिरा या मादक कार्डियल्स या मद्य:

मदिरा या अल्कोहलिक कार्डियल या मद्य कृषि मूल के आसुत स्पिरिट से बना अल्कोहलिक पेय पदार्थ है, जो फल, क्रीम, जड़ी बूटियों, मसालों आवश्यक तेल और वनस्पति उत्पाद से स्वादिष्ट किया जाता है। इसमें 2.5 प्रतिशत से अधिक प्राकृतिक मिठासक (जैसे शहद), शुक्रोस डेक्सट्रोज, लीनोलुज या इनका मिश्रण अन्तर्विष्ट हो सकता है।

मदिरा या अल्कोहलिक कार्डियल या मद्य भाग-1 विर्निदिष्ट साधारण अपेक्षाओं औरसारणी-1 में उल्लेखित अपेक्षाओ के अनुरूपहोगी।

2.8 व्हिस्की या विस्की

व्हिस्की कृषि मूल के न्यूट्रल अनाज स्पिरिट या संशोधित अनाज स्पिरिट, या न्यूट्रलस्पिरिट या उनके मिश्रण या माल्ट युक्त अनाज जैसे मक्का, राई, जौ के किण्वित सार के आसवन द्वारा बनाया गया अल्कोहलिक पेय है। व्हिस्की निम्न प्रकार की भी हो सकती है-

2.8.1 माल्ट या अनाज व्हिस्की: माल्ट या अनाज व्हिस्की को किण्वित माल्ट मिश्रण या गैर माल्ट अनाज या दोनों से इसकी विशेष सुगंध और स्वाद के साथ आसुत कर प्राप्त किया जाता है। यह निम्न प्रकार की हो सकती है:-

(1) एकल माल्ट व्हिस्की: एकल माल्ट व्हिस्की एक किण्वित लुगदी से बना अल्कोहलिक पेय है जिसमे एक विशेष माल्टेड अनाज या माल्ट युक्त जौ का प्रयोग किया जाता है, यह केवल पोर्ट स्टिल में आसुत और एक ही आसवित उत्पाद है।

(2) मिश्रित माल्ट या मिश्रित अनाज व्हिस्की: मिश्रित माल्ट या अनाज व्हिस्की न्यूनतम 2 प्रतिशत माल्ट या अनाज व्हिस्की का व्हिस्की या एक एकल माल्ट व्हिस्की के साथ मिश्रण है।

व्हिस्की भाग-1 में विर्निदिष्ट साधारण अपेक्षाओं और सारणी-1 में वर्णित अपेक्षाओं के अनुरूप होगी

करेगी।

2.9 पॉट-स्टिल आसुत स्प्रिट: पॉट-स्टिल आसुत स्प्रिट किण्वित शीरा, गुड़, अनाज, लुगदी आलू, कसावा, फलों (जैसे अंगूर), नारियल और खजूर का रस या सार, रामबांस के पोधे, गन्ने के रस, काजू, सेब, महुआ फूल, या कृषि मूल के किण्वन कार्बोहाइड्रेट के किसी अन्य स्रोत से कई आसवन से प्राप्त एल्कोहलिक पेय है।

पॉट-स्टिल आसुत स्प्रिट केरेमल या बलूत के डिब्बों में भण्डारण के दौरान प्राप्त प्राकृतिक रंगों या अन्य उपयुक्त लकडी के पीपों या लकडी के चिप्सों में परिष्करण या उडेलने के समय में अलावा किसी भी अन्य प्रकार के रंगीय तत्वोंसे मुक्त होगा।

पॉट स्टिल आसुत स्प्रिट भाग-1 में विर्निदिष्ट साधारण अपेक्षाओं और सारणी-1 में वर्णित अपेक्षाओ के अनुरूप होगी।

अध्याय 3

वाइन और अन्य किण्वित पेय

3.1 वाइन:

विभिन्न प्रवर्गो में विशेष रूप से किए गए उल्लेख के सिवाय, वाइन पूरी तरह सेपके अंगूर सकेन्द्रित अंगूर रस, संग्रहित या पुन: संग्रहीत शुद्ध संघनित अंगूर और किशमिश के रस से किण्वन द्वारा निर्मित आंशिक या पूर्ण अनासुत अल्कोहलिकपेय है।

बशर्ते, विन्टेज वाइन (पुरानी शराब) एक ऐसी वाइन है जो कम से कम 85 प्रतिशत एक खास वर्ष में लगे अंगूर से बनी हो और जिस पर इस तरह का लेबल लगाया गया हो। एक अंगूर के बाग से एक मौसम की उपज से बनी शराब विन्टेज वाइन है।

3.1.1. टेबल वाइन या अंगूर वाईन: टेबल या अंगूर वाइन निम्न प्रकार की हो सकती हैं-

3.1.1.1 रेड वाइन: रेड वाइन हल्के या गहरे लाल या सफेद रंग के अंगूर की किस्मों से बनी शराब है। अंगूर के छिलके का किण्वन, रंगऔर टेनिन की निकासी के लिए किया जाए जो वाइन के विशेष रंग औरस्वाद के लिए योगदायी हो।

छिलके के साथ कम संपर्क समय के लिए किण्वन के दौरान गुलाबी रंग की वाइ्रन को रोज वाईन कहा जा सकता है तथा यह उन मानकों को पूरा करेगी जो कि रेड वाईन के लिए निर्धारित किये गये हैं।

3.1.1.2 सफेद वाइन: सफेद वाइन किण्वन से पहले सफेद या लाल अंगूर के छिलके को हटाने के बाद निकाले गये सफेद रस के किण्वन से तैयार की जाएगी।

चीनी की मात्रा के आधार पर टेबल वाईन निम्न प्रकार की हो सकती है:

(i) शुष्क वाइन: शुष्क वाइन वह वाइन है जिसमें 0.4 से 0.9 प्रतिशत चीनी होती है।

(ii) मध्यम शुष्क वाइन: मध्यम शुष्क वाइन वह शराब है जिसमें 0.9 से 1.2 प्रतिशत चीनी होती है।

(iii) मध्यम मीठी वाइन: मध्यम शुष्क वाइन वह शराब है जिसमें 1.2 से 4.5 प्रतिशत चीनी होती है।

(iv) मीठी वाइन: मीठी वाइन वह शराब है जिसमें 4.5 प्रतिशत से अधिक चीनी होती है।

3.1.2 कार्बन डाई ऑक्साईड की मात्रा के आधार पर वाईन निम्न प्रकार की हो सकती है:

3.1.2.1 सेमी स्पार्कलिंग या क्रैकलिंग: सेमी स्पार्कलिंग या क्रैकलिंग वाइन,कार्बन डाई ऑक्साईड की मात्रा को 20 डिग्री सेल्सियस पर निम्नतम 3.0 से 5.0 ग्रा/ली या 1.5 से 2.5 बार प्रेशर तक एक बंद कंटेनर टैंक या बोतल के भीतर प्राथमिक या माध्यमिक किण्वन के परिणाम स्वरुप होती है।

3.1.2.2 स्पार्कलिंग वाइन: स्पार्कलिंग वाइन, कार्बन डाइऑक्साइड को 20 डिग्री सेल्सियस पर कम से कम 7.0 ग्रा/ली या 3.5 बार दबाव तक एक बंद कंटेनर, टैंक या बोतल के भीतर माध्यमिक किण्वन से उत्पन्न होता है। शर्करा की मात्रा के आधार पर स्पार्कलिंग वाइन निम्नलिखित प्रकार की हो सकती है:

(i) ब्रुट: इसमें 1.2 प्रतिशत से कम चीनी होती है।

(ii) अतिशुष्क : इसमें 1.2 से1.7प्रतिशत चीनी और +0.3 प्रतिशत तक सहनशीलता होती है।

(iii) शुष्क: इसमें 1.7 से 3.2प्रतिशत चीनी और+0.3 प्रतिशत सहनशीलता होती है।

(iv) अर्धशुष्क: एक वाइन है जिसमें 3.2 से 5.0 प्रतिशत चीनी होती है।

(v) मीठी वाइन: इसमें 5.0 प्रतिशत से अधिक चीनी होती है।

3.1.2.3 कार्बोनेटेड वाइन: कार्बोनेटेड वाइन कार्बन डाइऑक्साइड के साथ झाग युक्त बनाई गई वाइन जो पूरी तरह से दुसरे किण्वन के परिणामस्वरूप उत्पन्न होते हैं।

3.1.3 दृढ वाइन: फोर्टीफाइड वाइन वह वाइन है जिसमें किण्वन के पूरा होने से पहले या उसके बाद में अतिरिक्त रुप से (ब्रांडी या कृषि मूल की न्यूट्रल स्पिरिट) मिलाई जाती है। उत्पाद की वास्तविक अल्कोहल न्यूनतम 7.0 प्रतिशत मात्रा अंगूर, अंगूर के द्राक्षारस और फलों के किण्वन से आनी चाहिए और इसका उपयोग मघपेयया मीठी वाईन के रुप में किया जाना चाहिए। फोर्टीफाईड वाइन लाल या सफेद, सूखी या मीठी हो सकती है।

3.1.3.1. सुंगधित वाईन: सुंगधित वाईन फोर्टीफाईड वाईन है जिसमें अल्कोहल (ब्रान्डी या वाईन स्प्रिट) और सुगंधित जडी बूटीयों का अर्क ओर या मसाले मिलाये जाते हैं। अरोमटाईज्ड वाईन निम्न प्रकार की होती हैं:

(i) वरमाउथ (सुगंधित वाइन): वरमाउथ जड़ी बूटियों और मसालों से निकाले गए अर्क का विशेष स्वाद, सुगंध के साथ एक प्रकार की वाईन होती है, जिसके लिए वरमाउथ को नामित किया गया है।

(ii) कड़वी सुंगधित वाईन: एक प्रकार की सुगंधित वाईन होती है जिसका स्वाद कडवा होता है।

(iii) डेजर्ट वाईन: यह सामान्यत: मीठी और अंगूर की ब्रान्डी से दृढ होती है।

3.1.4 अंगूर से भिन्न अन्य फलों की वाईन

फ्रूट वाइन: फ्रूट वाइन अंगूर को छोड़कर अन्य फलों से निर्मित वाइन है। यह पके फलों (संग्रहित या असंग्रहित शुद्ध संघनित फल सहित) के रस के सामान्य अल्कोहलिक किण्वन द्वारा निर्मित वाइन है। यह निम्न प्रकार की हो सकती है:

3.1.4.1 साइडर: साइड़र एक किविवन मादक पेय है जो सेब के रस से बने होते है। मृदु साइडर में शराब सामग्री 0;5 से 5.0 प्रतिशत तक, या कड़क साइडर में 5.0 से 9.0 प्रतिशत तक शराब सामग्री हो सकती है।

3.1.4.2 पेरी: पेरी नाशपाती के रस से तैयार की गई एक वाईन है।

3.1.4.3 अन्य फलों की वाईन: इस प्रकार की वाईन के नाम के आगे उस फल का नाम होगा जिस से कि वह बनाई गई है।

3.1.5. अन्य कृषि और वनस्पति स्रोतों से प्राप्त वाईन:

अन्य कृषि और वनस्पति स्रोतों से प्राप्त वाईन का उत्पादन रस के सामान्य अल्कोहलिक किण्वन या अन्य स्रोतों कि छाल से शर्करा या गुर के साथ या उसके बगैर निर्मित किया जा सकता है। इसमें निम्नलिखित सम्मिलित हो सकते है:

3.1.5.1 पाम वाईन: पाम वाईन ताड के पेड से प्राप्त रस और नारियल के पेड से प्राप्त ताडी से बनाया जाती है।

3.1.5.2 बम्बू वाईन: बम्बू वाईन बम्बू के रस से बनाई जाती है।

3.2 भाग-1 में विर्निदिष्ट साधारण अपेक्षाओ और सारणी-2 में विर्निदिष्ट अपेक्षाओ के अतिरिक्त वाईन निम्न अपेक्षाओ को भी पूरा करेगी:

(i) यह अपने विशिष्ट रंग, स्वाद, पुष्पगुच्छ और अपनी बनावट के साथ साफ होगी।

(ii) इनको किण्वन के द्वारा परिरक्षित रखा जाएगा एंव इनमें खाद्य संरक्षा और मानक (खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य योजक) विनियम, 2011 के अधीन अनुमत योजक का ही उपयोग किया जाएगा। यह कोलिफोर्म बैक्टीरिया और रोग जनक सूक्ष्मजीवों से मुक्त होगी।

(iii) वाईन को बनाते समय मिलाया गया पानी फलों या अंगूर के रस से 30 मिली प्रति किग्रा से अधिक नहीं होगा।

(iv) वाईन को किण्वन से पहले, के दौरान, या बाद में अलग से या संयुक्त रुप से सूखी चीनी या गुड (20 प्रतिशत से अधिक नहीं) मिलाकर बेहतर बनाया जा सकता है।

अध्याय - 4

बीयर

4.1 बीयर:

बीयर किसी भी माल्ट युक्त अनाज से लेकिन आमतौर पर जौ माल्ट के साथ, एक कड़वा स्वाद प्रदान करने के लिए हॉप्स या हॉप्स से प्राप्त पदार्थ और कभी-कभी गेहूं, मक्का, चावल और चीनी जैसे सहायकों को मिलाकर बनाया गया किण्विन अल्कोहलिक पेय पदार्थ है।

ईथाईल एल्कोहल की मात्रा के आधार पर बीयर को निम्न वर्गों में बांटा जा सकता है:

1. नियमित या हल्की -0.5 प्रतिशत से अधिक और 5 प्रतिशत तक

2. स्ट्रांग (कडक) - 5.0 प्रतिशत से अधिक और 8 प्रतिशत तक

बीयर किण्वन के दौरान उपयोग किये गये खमीर के आधार पर निम्न प्रकार की हो सकती है:

4.1.1 लेजर: लेजर बियर निचली सतह पर किण्वन करने वाले खमीर का उपयोग करके और कम तापमान पर परिपक्व करके तैयार की जाती है; इस का रंग हल्के से लेकर गहरा हो सकता है। पिलसनर बियर एक प्रकार की लेजर बीयर होती है जिसका रंग हल्का और होप का मध्यम स्वाद होता है।

4.1.2 एले बीयर: एले बीयर सबसे अच्छी गुण्वत्ता वाले किण्वन खमीर से तैयार किया जाता है और आमतौर पर रंग में हल्का होता है। यह पीले माल्ट से तैयार किया जाता है और इसका स्वाद मध्यम होता है।

4.1.2.1 व्हीट (गेहूं) बीयर: गेहूं की बीयर को गेहूं के एक बड़े हिस्से के साथ तैयार किया जाता है और इसमें माल्ट युक्त जौ का एक महत्वपूर्ण अनुपात हो सकता है। गेहूं बीयर आमतौर पर शीर्ष पर किण्वित होते हैं। गेहूं बीयर को एक नरम विशेषता प्रदान करता है और कभी- कभी गंदला या मसालों के स्वाद से युक्त होता है।

4.1.2.1

4.2 ड्राट बीयर: ड्राट बीयर सभी प्रकार अर्थात् लेजर बीयर, एले, स्टाउट, पोर्टर और गेहूं आदि से बनी हल्की और मजबूत बीयर है, यह पास्चुरीकृत या नहीं भी हो सकती है। इसको एक पाल या पीपे में परोसा जाता है।

4.3 भाग 1 में विर्निदिष्ट साधारण अपेक्षाओ और सारणी-3 में वर्णित अपेक्षाओ के अतिरिक्त, बीयर निम्न अपेक्षाओ के अनुरूप होगी:

(i) बीयर में विशेष रंग, स्वाद, गंध, पुष्पगुच्क और उसके रूप और बनावट के साथ स्पष्टता (गेहूं बीयर के अलावा) होनी चाहिए। इसे प्रभावी ढंग से बोतलबंद, डिब्बाबंद या केग्ड और पास्चुरीकृत या जीवाणुमुक्त स्वच्छ किया जाएगा। ड्राट बीयर के अलावा जो पाश्चुरीकृत या जीवाणु मुक्त स्वच्छ भी की जा सकती है या नहीं भी।

(ii) यह कॉलिफोर्म और अन्य रोगजनक सूक्ष्मजीवों से मुक्त होगी।

अध्याय – 5

अल्कोहलिक पेय के लिए विशिष्ट लेबलिंग अपेक्षाएं

खाद्य संरक्षा और मानक (पैकेजिंग और लेबलिंग) विनियम, 2011 के अधीन सामान्य रूप से लागू लेबलिंग के अलावा, मादक पेय युक्त हर पैकेज के लेबल पर निम्नलिखित लिखा होगा: -

5.1 अल्कोहल मात्रा की घोषणा: अल्कोहल कि मात्रा को प्रतिशत एबीवी या प्रूफ के रुप में व्यक्त किया जाएगा;

5.2 मानक पेय की लेबलिंग: एक मानक पेय के रूप में सेवन किए जाने योग्य पेय में शराब की मात्रा 20 डिग्री सेल्सियस पर 12.7 मिलीमीटर है। पैकेज के लेबल पर मानक पेय की अनुमानित संख्या का एक विवरण शामिल होगा।

टिप्पण: उदाहरण के लिए 750 मिली की एक बोतल जिसमें 8 प्रतिशत एल्कोहल है पर मानक पेयों की संख्या प्रथम दशमलव तक अंकित इस प्रकार होगी; "लगभग 4.8 मानक पेय"

5.3 किसी भौगोलिक क्षेत्र में पूरी तरह से निर्मित उत्पादों के लिए लेबल पर भौगोलिक पदनाम या नाम इस्तेमाल किया जा सकेगा।

5.4 आयातित मादक पेय पदार्थों के मामले में, खाद्य सुरक्षा और मानक (आयात) विनियम, 2017 के उपबंध लागू होंगे।

5.5 किसी अल्कोहल मादक पेय के लेबल पर पोषण संबंधी जानकारी नहीं होनी चाहिए।

5.6 किसी भी मादक पेय के लेबल पर किसी भी प्रकार का स्वास्थ दावा नहीं किया जाएगा।

5.7 0.5 प्रतिशत से अधिक अल्कोहल से युक्त पेय पदार्थ के एक पैकेज के लेबल पर मात्रा से 'गैर-मादक' या इसके समान अर्थ वाले शब्दों का उपयोग नहीं करना चाहिए।

5.8 खाद्य युक्त शराब को इस प्रकार प्रस्तुत नहीं किया जाना चाहिए कि वह स्पष्ट रूप से या उसके निहितार्थ से पता चले कि वह उत्पाद एक गैर-अल्कोहलिक संवहन या गैर-अल्कोहलिक पेय है।

5.9 वाइन पर लेबलिंग –

उप-नियमों 5.1 से 5.6 में निर्दिष्ट आवश्यकताओं के लिए लागू के अतिरिक्त निम्नलिखित वाईन लेबलिंग की भी आवश्यकता होगी:

i). वाइन के लेबल पर मूल (देश या राज्य) का नाम और चीनी की मात्रा की घोषण होनी चाहिए।

ii). वाइन के लेबल पर अंगूर या इस्तेमाल किए जाने वाले फलों की किस्म का नाम उनकी उपयोग की गई मात्रा के अनुसार अवरोही क्रम में लिखा जाना चाहिए।

iii). अन्तिम उत्पाद में यदि किसी भी परिरक्षकों या सहयोज्यों के अवशेष अपने मूल रुप या परिष्कृत रुप में विद्यमान हैं तो उनके बारे में लेबल पर उद्घोषणा की जानी चाहिए।

5.9.2 वाईन के लेबल पर अतिरिक्त रुप् से हो सकता है:

i) अंगूर और इसकी विविधता, या कच्चे माल का इस्तेमाल, भौगोलिक उत्पत्ति, और अंगूर इकठ्ठा करने के वर्ष की घोषणा करते हुए, ऐसे दावे किए जाएं।

ii) यदि वाईन का निर्माण एक ही जगह के 75 प्रतिशत अंगूरों से किया जाता है तो उस जगह, या क्षेत्र, उप-क्षेत्र या पदवी का नाम घोषित करें।

iii) जब एक शराब निर्माण एक ही प्रजाती के 75 प्रतिशत से अधिक अंगूरों से किया जाता है तो उस अंगूर की प्रजाती का नाम वाईन की बोतल पर होना चाहिए।

iv) यदि किसी वाईन के निर्माण में किसी एक समय के अंगूरों के 85 प्रतिशत से अधिक अंगूरों का उपयोग किया गया है तो अंगूरों को एकत्र करने की तारीख लेबल पर होनी चाहिए।

5.10 जिस अल्कोहल पेय में 10 प्रतिशत से कम अल्कोहल हो, उस शराब के लेबल पर समाप्त हो रही तारीख, महीने और साल का उल्लेख उस क्रम में और शब्दों से होगा, "समाप्ति की तारीख _____" या _____ " तक प्रयोग करें। हालांकि, निर्माता वैकल्पिक या अतिरिक्त जानकारी के रूप में "से पहले अच्छा" अभिव्यक्ति का उपयोग कर सकते हैं।

5.11 एलर्जी संबंधी चेतावनी

5.11.1 अगर प्रति लीटर शराब में 10 मिलीग्राम से अधिक सल्फर डाइऑक्साइड शामिल है, तो लेबल पर घोषित होना चाहिए कि इसमें "सल्फर डाइऑक्साइड और सल्फाइट शामिल है"।

5.11.2 अगर परिष्करण, साफ करने के कारकों के रूप में अंडे की सफेद, दूध, कांच के गिलास या किसी प्रसंस्करण का इस्तेमाल किया गया हो तो, लेबल पर मांसाहारी प्रतीक चिन्ह की घोषणा होनी चाहिए यदि अवशेष अंतिम उत्पाद में मौजूद है।

5.12 निर्माताओं की तरफ से अंग्रेजी भाषा में मुद्रित एक वैधानिक चेतावनी लगी होगी कि 'शराब का सेवन के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है'। अगर संबंधित राज्य इसे अपनी स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा में मुद्रित कराना चाहते हैं, तो एक अतिरिक्त स्टीकर के माध्यम से इसकी अनुमति दी जाएगी, अंग्रेजी संस्करण को दोहराने की आवश्यकता नहीं होगी। वैधानिक चेतावनी का आकार 3 मिमी से कम नहीं होगा।

अरूण कुमार झा, आर्थिक सलाहकार

सारणी -1

(*विनियम 2.1 देखें*)

क्र. सं.	विशेषताएं	ब्रांडी या अंगूर ब्रांडी	मिश्रित ब्रांडी	देशी शराब या सादा देशी शराब	मिश्रित देशी शराब	फेनी		जिन	शराब या कोर्डियल या एपर्टिफ़	रम	सफेद रम	वोदका	विह्स्की	माल्ट या अनाज व्हिस्की या एकल जौ	मिश्रित विह्स्की	पॉट डिस्टिल्ड स्पिरिट्स
						काजू	नारियल									
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17
1.	इथाइल एल्कोहल, आयतन से 20डिग्री से. मात्रा द्वारा प्रतिशत युक्त, अधिकतम	36 to 50	36 to 50	19 to 43	19 to 43	19 to 43	19 to 43	36 to 50	15 to 50	36 to 50	36 to 50	36 to 50	36 to 50	36 to 50	36 to 50	36 to 50
2.	वाष्पीकरण पर अवशिष्ट प्रतिशत (मि.ग्रा./लिटर), *अधिकतम*	2.0	2.0	1.0	1.0	0.2	0.1	2.5	50.0	2.0	1.0	2.0	2.0	2.0	2.0	4.0
3.	एसिटिक अम्ल के रूप में वाष्पशील अम्ल (पूर्ण अल्कोहल का जी / 100 एमएल के रूप में व्यक्त किया गया), अधिकतम	100.0	100.0	100.0	50.0	60.0	200.0	10.0	100.0	50.0	50.0	10.0	50.0	150.0	100.0	150.0
4.	एमिल अल्कोहल के रूप में उच्च अल्कोहल (पूर्ण अल्कोहल का जी / 100 एल), अधिकतम	600.0	350.0	250.0	250.0	100.0	100.0	100.0	50.0	350.0	200.0	50.0	750	750.0	750	750.0
5.	मिथाइल अल्कोहल (आसुत पूर्ण शराब के जी / 100 एल के रूप में व्यक्त किया गया), अधिकतम	150.0	100.0	50.0	50.0	150.00	absent	20.0	10	20.0	10.0	10.0	10.0	30.0	20.0	300.0
6.	एथिल एसीटेट के रूप में कुल एस्टर (व्यक्त शराब का जी / 100 एल), अधिकतम	350.0	250.0	150.0	100.0	50.0	50.0	30.0	50.0	150.0	150.0	50.0	100	200.0	150.0	350.0
7.	फुरफ्यूरल (संपूर्ण अल्कोहल का जी / 100 एल के रूप में व्यक्त किया गया है), *अधिकतम*	12.0	12.0	12.0	12.0	5.0	2.0	12.0	12.0	10.0	5.0	12.0	6.0	12.0	6.0	12.0
8.	एल्डेहाइड्स एसिटाडिहाइड (जी / 100 एल का पूर्ण शराब	45.0	45.0	35.0	35.0	25.0	10.0	20.0	20	30.0	30.0	15.0	15.0	50.0	35.0	50.0

	के रूप में व्यक्त किया गया है), *अधिकतम*														
9.	आर्सेनिक मिग्रा/ली, *अधि.*	0.25	0.25	0.25	0.25	0.25	0.25	0.25	0.25	0.25	0.25	0.25	0.25	0.25	0.25
10.	कैडमियम, मिग्रा/ली, *अधि.*	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01
11.	तांबां, मिग्रा/ली, *अधि.*	5.0	5.0	5.0	5.0	5.0	5.0	5.0	5.0	5.0	5.0	5.0	5.0	5.0	5.0
12.	सीसा, मिग्रा/ली, *अधि.*	0.2	0.2	0.2	0.2	0.2	0.2	0.2	0.2	0.2	0.2	0.2	0.2	0.2	0.2
13.	पारा, मिग्रा/ली, *अधि.*	0.25	0.25	-	-	-	-	0.25	0.25	0.25	0.25	0.25	0.25	0.25	-

"*" स्वादिष्ट रम, स्वादिष्ट वोदका और कम एल्कोहल वाले पयों के लिए अधिकतम सीमा 25 प्रतिशत (एम/वी) है।

"-" का अर्थ है लागू नहीं।

सारणी 2

(विनियम 3.1 देखें)

क्र. सं.	विशेषताएं	टेबल या अंगूर वाईन		कार्बन डाई ऑक्साईड के साथ शराब	फोर्टीफाइड वाईन	अंगूर वाईन के अलावा फलों की वाईन	सेब की वाईन	नाशपाती की वाईन	अन्य कृषि स्त्रोतों या पौधों से बनी वाईन
		सफेद	लाल						
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1.	इथाइल एल्कोहल, आयतन से 20डिग्री से. मात्रा द्वारा प्रतिशत युक्त, अधिकतम	7.0 to 15.5	7.0 to 15.5	7.0 to15.5	15.0 to 24.0	7.0 to 15.5	More than 0.5 to 9.0	More than 0.5 to 9.0	1.5 to 8.0
2.	अवशिष्ट अर्क (चीनी मुक्त) जी / एल, *अधिकतम*	50.0	50.0	50.0	180.0	50.0	50.0	50.0	50.0
3.	एसिटिक अम्ल के रुप में वाष्पशील अम्ल ग्रा/ली., *अधिकतम*	1.2	1.2	1.2	1.2	1.2	1.2	1.2	1.2
4.	एमिल अल्कोहल के रूप में उच्च अल्कोहल (पूर्ण अल्कोहल का जी / 100 एल), अधिकतम	4.0	4.0	4.0	4.0	2.0	-	2.0	-

क्र. सं.	विशेषताएं	टेबल या अंगूर वाईन		कार्बन डाई ऑक्साईड के साथ शराब	फोर्टीफाइड वाईन	अंगूर वाईन के अलावा फलों की वाईन	सेब की वाईन	नाशपाती की वाईन	अन्य कृषि स्त्रोतों या पौधों से बनी वाईन
		सफेद	लाल						
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
5.	कुल अम्ल टैटरिक (वाइन के जी/एल) के रूप में व्यक्त किया गया, अधिकतम	10.0	10.0	10.0	10.0	10.0	10.0	10.0	10.0
6.	मिथाईल एल्कोहल (शराब का 1 मिग्रा/ली), *अधिकतम*	250	400	400	400	400	250	250	250
7.	एस्टर एथिल एसीटेट (पूर्ण अल्कोहल का जी/एल) के रूप में व्यक्त किया गया, अधिकतम	4.0	4.0	4.0	4.0	0.2	0.2	0.2	0.2
8.	एल्डेहाइड को एसीटैडीडिहाइड (पूर्ण अल्कोहल का जी / एल) के रूप में व्यक्त किया गया है, *अधिकतम*	1.0	1.0	1.0	1.0	1.0	1.0	1.0	1.0
9.	आर्सेनिक मिग्रा/ली, *अधि.*	0.25	0.25	0.25	0.25	0.25	0.25	0.25	0.25
10.	कैडमियम, मिग्रा/ली, *अधि.*	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01
11.	तांबां, मिग्रा/ली, *अधि.*	5.0	5.0	5.0	5.0	5.0	5.0	5.0	5.0
12.	लौह (फेरस के रुप् में) मिग्रा/ली, *अधिकतम*	5.0	5.0	5.0	5.0	5.0	5.0	5.0	5.0
13.	सीसा मिग्रा/ली, *अधि.*	0.2	0.2	0.2	0.2	0.2	0.2	0.2	0.2
14.	ऑक्रेटाक्सीन ए (यूजी /ली), *अधिकतम*	20	20	20	20	20	20	20	20

"-" अभिप्राय लागू नहीं;

बीयर *(विनियम* 4.1 मानक देखें)

सारिणी - 3

क्र. सं.	विशेषताएं	बीयर		ड्राट बीयर	
		रेग्यूलर	स्ट्रॉग	रेग्यूलर	स्ट्रॉग
1	2	3	4	5	6
1.	**इथाइल एल्कोहल, आयतन से 20डिग्री से. प्रतिशत युक्त**	0.5 **से अधिक और** 5.0 **तक**	5.0 **से अधिक और** 8.0 **तक**	0.5 **से अधिक और** 5.0 **तक**	5.0 **से अधिक और** 8.0 **तक**
2.	pH	3.3-4.8	3.3-4.8	3.3 - 4.8	3.3 - 4.8
3.	**कार्बन डाइआक्साइड** v/v, ***न्यूनतम***	1.8-3.6	1.8-3.6	1.8-3.6	1.8-3.6
4.	**मिथाइल एल्कोहल मि.ग्रा./लि**, ***अधिकतम***	50.0	50.0	50.0	50.0
5.	**कॉपर (मि.ग्रा./लि)**, ***अधिकतम***	2.0	2.0	2.0	2.0
6.	**आयरन (**Fe **की तरह) मि.ग्रा.**, ***अधिकतम***	5.0	5.0	5.0	5.0
7.	**लेड** (**मि**.ग्रा./**लि**), ***अधिकतम***	0.2	0.2	0.2	0.2
8.	**आर्सेनिक** (**मि**.ग्रा./**लि**), ***अधिकतम***	0.25	0.25	0.25	0.25
9.	**कैडमियम (मि.ग्रा./लि)**, ***अधिकतम***	0.1	0.1	0.1	0.1

10.	**टोटल प्लेट काउंट, सीएफयू प्रति मि.लि, *अधिकतम***	<10	<10	<100	<100
11.	**कोलीफार्म काउंट, सीएफयू प्रति मि.लि**	**अनुपस्थित**	**अनुपस्थित**	**अनुपस्थित**	**अनुपस्थित**
12.	**खमीर और मोल्ड, सीएफयू प्रति मि.लि**	**अनुपस्थित**	**अनुपस्थित**	40	40

पवन अग्रवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी

[विज्ञापन –III/4 /असाधारण/481/17]

MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

(FOOD SAFETY AND STANDARDS AUTHORITY OF INDIA)

NOTIFICATION

NEW DELHI, the 19TH MARCH , 2018

F. No. 2/SA-24/2009(1)/FSSAI.—Whereas the draft of the Food Safety and Standards (Alcoholic Beverages Standards) Regulations, 2016, was published as required under sub-section(1) of section 92 of the Food Safety and Standards Act, 2006 (34 of 2006), vide notification of the Food Safety and Standards Authority of India F. No. 2/SA-24/2009(1)/FSSAI, dated the 5th September, 2016, in the Gazette of India, Extraordinary, Part III, Section 4, inviting objections and suggestions from the persons likely to be affected thereby, before the expiry of a period of thirty days from the date on which the copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;
And whereas copies of the said Gazette were made available to the public on the 9thSeptember, 2016;
And whereas objections and suggestions received on the said draft regulations have been considered by the Food Safety and Standards Authority of India;
Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (v) of sub-section (2) of section 92 of the said act, the Food Safety and Standards Authority of India hereby makes the following regulations, namely:-

PART- 1
Preliminary

1.1 Short title, application and commencement.– (1) These regulations may be called the Food Safety and Standards (Alcoholic Beverages) Regulations, 2018.

